# 2023

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

***साधारण निर्देश :***

*(i) इस प्रश्न–पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है ।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न–पत्र में दी गई प्रश्न–संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए ।*

### खण्ड — 'क'

### (वाचन – 10 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न–संख्या **1** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न–संख्या **2** का उत्तर लगभग **25** शब्दों में तथा प्रश्न–संख्या **3** से **7** तक के उत्तर एक–एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

खेलों का जीवन में भारी महत्व है । खेलों से मनोरंजन तो होता ही है, साथ ही प्रतिस्पर्धा की भावना भी पैदा हो जाती है, जिससे हम प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं । इसी उद्देश्य से स्कूलों में, नगरों में, देशों में विभिन्न खेल–प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । ओलम्पिक खेल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संसार का सब से प्राचीन खेल–कूद प्रतियोगिता है । ओलम्पिक खेलों का उद्देश्य है – अन्तर्राष्ट्रीय मेल–जोल को बढ़ाना और विश्व भर के नागरिकों में खेल–कूद का उत्साह पैदा करना ।

1. खेलों से क्या–क्या लाभ मिलते हैं ? 3
2. ओलम्पिक खेल क्या है ? 2
3. ओलम्पिक खेलों का उद्देश्य क्या है ? 1
4. 'उद्देश्य' शब्द का एक समानार्थक शब्द लिखिए । 1

5. 'प्राचीन' शब्द का विपरीतार्थक शब्द लिखिए। 1

6. 'महत्व' शब्द का विशेषण रूप लिखिए। 1

7. उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए। 1

## खण्ड — ख

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 160 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

   (क) विद्यार्थी जीवन और मोबाइल फोन

   (ख) पुस्तकालय से लाभ

9. मान लीजिए कि आप एक समाचार-पत्र के वरिष्ठ रिपोर्टर हैं। आप जानते हैं कि आजकल मणिपुर में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। इस विषय पर आप अपने समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम एक पत्र लिखिए। 7

## खण्ड — ग

### (व्याकरण – 15 अंक)

**निर्देश** : प्रश्न-संख्या **10** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **11, 12** और **13** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **14** से **19** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।

10. मिश्रित वाक्य और संयुक्त वाक्य में क्या अन्तर है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

11. उपसर्ग और प्रत्यय की परिभाषाएँ सोदाहरण लिखिए। 2

12. भाववाचक संज्ञा किन-किन शब्दभेदों से बनाई जाती है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 1+1=2

13. लोकोक्ति की परिभाषा देकर उसका एक उदाहरण अर्थसहित लिखिए। 1+1=2

14. 'अप' उपसर्ग से बना एक शब्द लिखिए। 1

15. 'आई' प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाइए। 1

16. 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

17. 'कान खड़े होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

18. 'अन्धों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

19. 'चिराग तले अन्धेरा' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

## खण्ड — घ

### (पद्य – 8+12=20 अंक)

20. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

   (क) दूसरों की सहायता भी की कितनी बार।  
   व्यर्थ हुआ श्रम पा तो सके नहीं।  
   खर्च किया, फिर भी रहा जैसे का तैसा ही।  
   सारी दुनिया घूम आया, तुम्हारे लिए दौड़-धूप करके।

अथवा

(ख) रहता हूँ
एक घर में
प्राचीन किन्तु जीर्ण-शीर्ण
टूट चुका है
जिसका प्रत्येक द्वार
पहले ही ।

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **21** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **22** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **23** और **24** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **25** और **26** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **27** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

21. गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागौं पाँय ।
बलिहारी गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय ।।
– कबीरदास की उपर्युक्त साखी का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए । 4

22. 'उर्मिला' कविता में वर्णित उर्मिला की विरह-वेदना का चित्रण कीजिए । 3

23. 'तोड़ती पत्थर' कविता का मुख्य स्वर क्या है ? 2

24. बालक कृष्ण बलराम भैया के बारे में पिता नंद से क्या-क्या शिकायत करता है ? 2

25. 'मोसो कहत तात बसुदेव को, देवकि तेरी मैया ।'
– सूरदास की उपर्युक्त पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । 1

26. कबीरदास के अनुसार ज्ञान का प्रकाश देने वाला कौन है ? 1

27. 'ताज' कविता लिखने वाले कवि का नाम क्या है ? 1

(क) सुमित्रानंदन पंत (ख) मैथिलीशरण गुप्त
(ग) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (घ) हिजम अङाङ्हल सिंह

## खण्ड — ङ

## (गद्य – 25 अंक)

28. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) मेरा मकसद तो इतना है कि चाहे हिन्दु हो, चाहे सिख हो, चाहे मुसलमान हो, जो मैं ने देखा है, वह किसी को न देखना पड़े और मरने से पहले मेरे घर के लोगों की जो गति हुई, वह परमात्मा न करें, किसी की बहू-बेटियों को देखनी पड़े ।

अथवा

(ख) यदि हमें जीवित रहना है और सभ्यता की दौड़ में अन्य जातियों की बराबरी करनी है तो हमें श्रमपूर्वक उत्साह से साहित्य का उत्पादन और प्राचीन साहित्य की रक्षा करनी चाहिए ।

29. 'बदला' अथवा 'आज तो हिन्दी अपनों ही से हारी है' पाठ का सारांश लगभग **160** शब्दों में लिखिए । 8

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **30** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **31** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **32** का उत्तर लगभग **25** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **33** और **34** के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

30. लेखक के गाँव में मनाई गई रामलीला के बारे में संक्षेप में लिखिए । 4

31. नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बुरे परिणाम क्या-क्या हैं । 3

32. साहित्य में क्या-क्या देखने को मिलता है ? 2

33. 'गाण्डीव' किसका धनुष था ? 1

(क) दुर्योधन का (ख) युधिष्ठिर का

(ग) भीम का (घ) अर्जुन का

34. 'मेरा बचपन' पाठ के लेखक का नाम क्या है ? 1

(क) अज्ञेय (ख) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(ग) विद्यानिवास मिश्र (घ) महावीर प्रसाद द्विवेदी

## खण्ड — च

## (पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **35** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **36** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **37** और **38** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **39**, **40** और **41** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **42** का उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

35. आनन्दी कौन थी और कैसी स्त्री थी ? उसके चारित्रिक गुणों को स्पष्ट कीजिए । 1+3=4

36. खोङ् काङ्जै और आजकल की हॉकी दोनों खेलों मे क्या अन्तर है ? 3

37. भूत, भविष्य और वर्तमान के अन्तरालों को कौन मिटा सकता है और कैसे ? 2

38. आचार्य विनोवा ने राष्ट्रीय एकता के बारे में क्या कहा था ? 2

39. लमही में कौन-कौन-सी जातियाँ रहती हैं ? 1

40. 'युबी लाकपी' खेल का तात्पर्य क्या है ? 1

41. मणिपुर के खेल-कूद के सम्बन्ध में विशेष उल्लेखनीय बात क्या है ? 1

42. प्रेमचन्द के पिता का नाम क्या था ? 1

(क) महावीरलाल (ख) कौलेश्वरलाल

(ग) अजायबलाल (घ) उदितनरायनलाल